**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 742**
**26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए**

**स्वदेशी हल्के टैंक का उत्पादन**

**742. डॉ. राजेश मिश्रा:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 2027 तक देश के अधिक ऊंचाई वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वदेशी हल्के टैंक के उत्पादन और इसे सेना में शामिल करने के लिए समयबद्ध परियोजना जोरावर पर कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा डीआरडीओ की देखरेख में इस परियोजना की प्रगति क्या है;

(ग) क्या इस परियोजना में कोई निजी कंपनी शामिल की गई है; और

(घ) यदि हां, तो इस परियोजना की लागत का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)**

(क) और (ख) जी हाँ। डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय हमारे देश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती हेतु भारतीय सेना के लिए हल्के टैंकों के विकास पर कार्य कर रहा है। हल्के टैंक का पहला प्रोटोटाइप निर्मित कर लिया गया है।

(ग) और (घ) जी हाँ। मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड हजीरा, सूरत हल्के टैंक के एक लीड सिस्टम इंटीग्रेटर के रूप में कार्य कर रहा है और कई एमएसएमई हल्के टैंक के उपतंत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। परियोजना की स्वीकृत लागत 234.5 करोड़ रुपये है जिसमें डिजाइन और विकास लागत और 01 प्रोटोटाइप की निर्माण लागत शामिल है।

*****